बारिश का कहर | जिला मुख्यालय के कई वार्डों में भरा पानी, पानी निकासी की खुली पोल

# बारिश का कहर जारी, शहर के कई वार्ड जलमग्न



**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** विगत पांच दिन से हो रही मूसलाधार बारिश से मंडला शहर को जलमग्न कर दिया है। इस वर्ष की बारिश ने शहर के पानी निकासी की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। झमाझम बारिश के कारण जिला मुख्यालय के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई है। बताया गया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। लगातार बारिश के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है, और मंगलवार सुबह 8 बजे 438.10 मीटर दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी ऊपर था। जानकारी अनुसार शहर के भी कई प्रमुख क्षेत्र जिनमें कलेक्ट्रेट कॉलोनी, सुभाष वार्ड और भगतसिंह वार्ड समेत बस स्टेंड के पीछे स्थित नपा की 14 दुकानों के तलघर जलमग्न हो गए हैं। घरों और दुकानों में पानी घुसने से लोगों को देर रात तक पानी निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। कलेक्ट्रेट कॉलोनी में पानी निकासी में बाधा बन रही एक नाले की दीवार को नगर पालिका ने जेसीबी की मदद से तोड़कर पानी निकालने का रास्ता बनाया। वहीं चिलमन चौक स्थित पैराडाइज होटल के नीचे की दुकानें और रेडक्रॉस भवन के आसपास का क्षेत्र भी बुरी तरह प्रभावित हो गया। दुकानदारों का कहना है कि प्रशासन नाले की साफ-सफाई कराए जिससे बारिश का पानी तलघरों और घरों में न घुसे। बताया गया कि पूर्व में भी नगर पालिका ने अवैध कब्जे के खिलाफ जेसीबी से कार्रवाई की थी, लेकिन इस कार्रवाई का असर दिखाई नहीं दे रहा है।



### जेसीबी से हटवाया मलवा, पानी निकासी हुई शुरू

बताया गया कि ईडन गार्डन के पास किसी ने 4 से 5 फीट नाले के ऊपर अवैध कब्जा कर रखा था, उसने नाले के ऊपर ईंट की दीवार खड़ी कर दी थी और कांक्रीट का मलबा डाल दिया था, जिससे पानी का बहाव रुक गया था। नाले से पानी निकलने के बजाय रिवर्स होकर कॉलोनी की तरफ डायवर्ट हो गया, जिससे



कॉलोनियों में घुटनों तक पानी भर गया था। जिसके बाद नगर पालिका ने कालोनीवासियों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए तहसीलदार, नगर पालिका, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और एसडीएम को इसकी सूचना दी थी। नगरपालिका की टीम सीएमओ के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। पहले फावड़े से मलबा हटाने की कोशिश की गई, लेकिन जब काम नहीं बना तो जेसीबी मशीन मंगाई गई और दो ट्रॉली मलबा हटाकर नाले का बहाव शुरू किया गया, जिससे कॉलोनीवासियों को राहत मिली थी।

# एसडीईआरएफ ने देर रात किया जगनाथर में ग्रामीणों का रेस्क्यू

मंडला में मूसलाधार बारिश से नदियां उफान पर

मटियारी नदी में फंसे थे दो दर्जन लोग

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** मंडला जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नदियाँ उफान पर हैं और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आपदा प्रबंधन दलों को तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि सोमवार रात्रि जिला कंट्रोल रूम को जगनाथर गाँव



में मटियारी नदी की बाढ़ में दो दर्जन से अधिक लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही प्रशासन ने तत्काल डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड और एसडीईआरएफ के दल को मौके पर रवाना किया।

बताया गया कि प्लाटून कमांडर हेमराज परस्ते के नेतृत्व में राहत दल ने रात के



अंधेरे में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। अथक प्रयासों के बाद देर रात तक बाढ़ में फंसे सभी ग्रामीणजनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस बचाव अभियान में सैनिक सन्नी श्रीवास, टेकचंद, सुरेंद्र, राजेंद्र, श्याम बिहारी और रामप्रसाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिले में अब तक हुई 792 .6 मिमी वर्षा

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** मंडला जिले में एक जून से 8 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 792.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 8 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 91.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील मंडला में 124.4 मिमी, नैनपुर में 126.4 मिमी, बिछिया में 103.6 मिमी, निवास में 64.6 मिमी, घुघरी में 64.6 मिमी एवं नारायणगंज में 67.7 मिमी वर्षा आंकी गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जुलाई तक तहसील मंडला में 792.6 मिमी, नैनपुर में 893 मिमी, बिछिया में 735.6 मिमी, निवास में 778.5 मिमी, घुघरी में 656.8 मिमी एवं नारायणगंज में 817 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 340.4 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 446.2 मिमी, नैनपुर में 393.2 मिमी, बिछिया में 329.9 मिमी, निवास में 319.3 मिमी, घुघरी में 199.6 मिमी एवं नारायणगंज में 361.4 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

# पेसा मोबिलाइजरों का सामूहिक काम बंद, 21 तक नहीं लौटेंगे काम पर

## बकाया और दोगुनी मानदेय की मांग को लेकर आंदोलन, ग्राम पंचायतों के कार्य प्रभावित

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** प्रदेश भर के पेसा मोबिलाइजर अपनी लंबित मांगों को लेकर 15 दिवस के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। जिसके कारण ग्राम पंचायतों के आवश्यक कार्य प्रभावित होने की आशंका है। पेसा मोबिलाइजर कर्मचारी संघ ने सरकार पर अपनी घोषणा के अनुसार दोगुना मानदेय न देने और पिछले पांच महीने से मानदेय का भुगतान न करने का आरोप लगाया है। नारायणगंज ब्लॉक शाखा अध्यक्ष मदन सिंह वरकड़े और सचिव देव सिंह मसराम ने बताया कि उन्होंने सोमवार को जनपद पंचायत के



सीईओ को सूचना पत्र सौंपा है। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को विगत दिवस ज्ञापन भी दिया था। जिसमें तीन दिन के भीतर मांगें पूरी करने की बात कही थी। जिसमें कहा गया था कि मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। पंद्रह दिन बीत जाने के बाद भी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया



गया, जिसके बाद पेसा मोबिलाइजरों ने 15 दिवसीय अवकाश पर चले गए। पेशा मोबिलाइजरों का कहना है कि पांच महीने से मानदेय न मिलने के कारण उनके परिवारों को दाने-दाने के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। वे सारा समय ग्राम पंचायत के कार्यों में लगे रहते हैं, जिससे उन्हें आय का कोई अन्य साधन नहीं मिल पाता। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्कूल में दाखिला, किताबें, कॉपियां और ड्रेस खरीदने में भी उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि पेसा मोबिलाइजरों में अधिकतर ग्रामीण परिवारों से आने वाले 12वीं पास लोग हैं, जो अपने परिवार के मुखिया और बच्चों के पालक भी हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो वे राजधानी में प्रदेश भर के पेसा मोबिलाइजर एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# खेत में रोपा उखाड़ते समय महिला को सर्प ने डसा, इलाज जारी

## बारिश के मौसम में सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि, समय पर उपचार से बची जान

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** मानसून की दस्तक के साथ ही सर्पदंश की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। ऐसी ही एक घटना में नारायणगंज के ग्राम भानपुर में रोपा उखाड़ रही एक महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। हालांकि परिजनों और खेत में मौजूद लोगों की सूझबूझ से महिला को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां समय पर मिले उपचार से उसकी जान बच गई।

जानकारी अनुसार ग्राम भानपुर निवासी 32 वर्षीय अनसुईया बाई पत्नी गुरुदास बारिश रुकने के बाद खेत में नर्सरी से रोपा



उखाड़ने का कार्य कर रही थीं। इसी दौरान उनके हाथ में एक जहरीले सर्प ने डस लिया। सर्प के डसते ही अनसुईया बाई ने तत्काल अपने साथ काम कर रहे अन्य लोगों को इसकी जानकारी दी। परिजनों और खेत में मौजूद लोगों ने बिना समय गंवाए अनसुईया बाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज पहुंचाया। वहां डॉ. राजेश अहिरवार ने महिला का तुरंत जांच परीक्षण किया और उन्हें एंटी स्नेक वेनम लगाया। डॉ. राजेश अहिरवार ने बताया कि एंटी स्नेक वेनम लगाए जाने के बाद महिला की हालत में तेजी से सुधार आ रहा है। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर में महिला पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। डॉ. राजेश अहिरवार ने कहां कि इस रैनी सीजन में सर्पदंश की घटना से बचने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है। सर्पदंश की घटना में तत्काल समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से पीड़ित की जान बचाई जा सकती है।

# मोहगांव में टला बड़ा हादसा, पुल से बही कार, तीनों सवार सुरक्षित

## सूझबूझ से बची कार सवार की जान



**घुघरी 08 जुलाई नभाप्र.** जिले में भारी बारिश के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घुघरी के मोहगांव में एक कार पुल से नीचे बह गई, लेकिन उसमें सवार तीनों लोग सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। मोहगांव थाना प्रभारी वेदराम हनोते ने बताया कि घुघरी निवासी निशांत लखेरा अपनी कार से घुघरी से मोहगांव किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक पुल पर पानी का बहाव अत्यधिक होने के कारण उनकी कार अचानक पुल से नीचे बह गई। बताया गया कि घटना के समय कार में तीन लोग सवार थे। तीनों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल कार के गेट खोलकर किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर सुरक्षित पानी से बाहर आ गए। थाना प्रभारी वेदराम हनोते ने पुष्टि की है कि कार में सवार तीनों लोग पूरी तरह सुरक्षित है। थाना प्रभारी ने आमजनों से अपील की है कि बरसात के मौसम में उफनते नदी-नालों और पुलों को पार ना करे। वहीं स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे मौसम में विशेष सतर्कता बरतें और जलमग्न पुलों को पार ना करने की अपील की है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान, छात्रों ने लगाए पौधे, प्राचार्य ने किया जागरूक

उत्कृष्ट विद्यालय में पौधरोपण से बढ़ा हरित आवरण

पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** धरती को हरितिमा की चादर उढ़ाने के अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य छात्रों और समुदाय को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है। विद्यालय की



प्राचार्य कल्पना नामदेव ने स्वयं वृक्षारोपण कर इस पहल की शुरुआत की और छात्रों को इस नेक कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें।

इस अवसर पर इको क्लब के जिला प्रभारी अखिलेश उपाध्याय ने भारतीय मूल्य वृक्षो रक्षति रक्षित: के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसका अर्थ है वृक्ष हमारी रक्षा करते हैं, जब हम उनकी रक्षा करते हैं। उन्होंने छात्रों को पौधारोपण और उसके संरक्षण की वैज्ञानिक तकनीकों और पर्यावरणीय महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक विपिन लखेरा, नत्थू सिंह घोषी, नागेंद्र चौहान और प्रवीण अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

विद्यालय के एनएसएस, इको क्लब और एनसीसी के छात्रों ने भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया। बताया गया कि विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और फूलों के पौधे रोपित किए गए हैं, जिससे न केवल हरित आवरण बढ़ेगा बल्कि परिसर की सुंदरता भी बढ़ेगी। यह पहल छात्रों को प्रकृति से जुड़ने और भविष्य में पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित करेगी।

# कुएं में मिला लापता युवक का शव

## मानसिक विक्षिप्त बताया गया मृतक



**बबलिया 08 जुलाई नभाप्र.** स्थानीय देवरी कला बबलिया में विगत 5 जुलाई से लापता चल रहे 30 वर्षीय युवक राममिलन यादव का शव 6 जुलाई को एक कुएं में तैरता हुआ पाया गया। बताया गया कि राममिलन यादव मानसिक रूप से विक्षिप्त थे और काफी दिनों से परेशान चल रहे थे। परिवार के सदस्यों ने उनकी तलाश जारी रखी थी। 6 जुलाई की सुबह जब लखन यादव अपने खेत घूमने गए, तो उन्हें कुएं में एक शव दिखाई दिया। शव की पहचान लापता राममिलन यादव के रूप में हुई। तत्काल 100 डायल के माध्यम से निवास पुलिस को सूचना दी गई। निवास थाना प्रभारी के निर्देश पर तत्काल एसआई और आरक्षक मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को कुएं से बाहर निकाला। इसके बाद डॉ. सुरेंद्र सिंह द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया।

पोस्टमार्टम और पंचनामा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिवारजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद युवक का अंतिम संस्कार किया। पुलिस के अनुसार युवक की मृत्यु का कारण उसकी मानसिक अस्वस्थता बताया जा रहा है।

# कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए मंडला पुलिस की एडवाइजरी जारी

## सावन में पुलिस का विशेष जागरूकता अभियान शुरू, वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के उद्देश्य से मंडला पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देश पर जिलेभर में पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। बताया गया कि सावन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा करते हुए जिले के




राजमार्गों और प्रमुख मार्गों से गुजरते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडला पुलिस ने वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्र कोतवाली मंडला, नैनपुर, बम्हनी, घुघरी, मवई, मोतीनाला, बीजाडांडी, टिकरिया, निवास, यातायात थाना, मोहगांव, बिछिया और चौकी अंजनिया सहित अन्य पुलिस इकाइयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में बैनर और पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इन पर वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक और नियंत्रित गति से वाहन चलाने और पैदल चल रहे कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। बताया गया कि बैनर और पोस्टर मुख्य रूप से थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों, पेट्रोल पंपों, चौराहों, ढाबों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा संदेश अधिकतम लोगों तक पहुंच सके।

# विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियां तेज, 9 अगस्त को होगा आयोजन

## आदिवासी संस्कृति के संरक्षण पर जोर, गढ़ा-मंडला महापंचायत ने बनाई कमेटियां, नियमावली में सुधार का निर्णय



**मंडला 08 जुलाई नभाप्र।** आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मंडला के आह्वान पर आदिवासी धर्मशाला संगमघाट महाराजपुर में आदिवासी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक डॉ. अशोक मर्सकोले की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बताया गया कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मंडला द्वारा जिला मुख्यालय आयोजित किया जाएगा। जिले के समस्त आदिवासी सामाजिक संगठन इसके संयोजक एवं सहयोगी होंगे। बताया गया कि भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत गठित पारंपरिक रूढ़िगत आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मंडला के संविधान एवं नियमावली में आवश्यकतानुसार सुधार करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें जयसिंह धुर्वे, डॉ. अशोक मर्सकोले, अनिल मरकाम, हरेंद्र मसराम एवं दिनेश खंडवाहे को सर्वसम्मति से सदस्य नियुक्त किया गया। यह कमेटी समाज के लोगों से सुझाव प्राप्त कर नियमावली को और सशक्त बनाएगी। आदिवासी महापंचायत गढ़ा-मंडला के प्रबंध कार्यकारिणी एवं अन्य आनुषंगिक संगठनों, उप-समितियों का आगामी कार्यकाल 10 अगस्त 2025 से 09 अगस्त 2026 तक एक वर्ष के लिए निर्धारित किया गया है। इन समितियों की घोषणा और कार्यभार सौंपने का कार्य आगामी 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर किया जाएगा। बैठक में डॉ. अशोक मर्सकोले, डॉ. विजय धुर्वे, आईएस परस्ते, जयसिंह धुर्वे, मंगलसिंह करचाम, बचनसिंह मरावी, तेजलाल धुर्वे, धनुवा लाल उईके, इंजीनियर सीएस धुर्वे, इंजीनियर तिरेंद्र धुर्वे, हरेंद्र मसराम जनपद सदस्य, कमलेश तिलगाम, किशन उईके, दिनेश खंडवाहे, अनिल मरकाम, प्रदीप परस्ते, सरिता मरावी, सोमवती धुर्वे, काशीराम तुमराली, टीपी उईके, राजेंद्र परते, बीआर कुर्राम, गोपाल बछानिया, मंगलसिंह मर्सकोले, जुगलसिंह पंद्रो, विनोद कुमार मरावी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सुरेश कार्तिकेय का निधन

**भुआ बिछिया 08 जुलाई नभाप्र.** ग्राम पंचायत देई के पूर्व उपसरपंच का ईलाज के दौरान गोंदिया महाराष्ट्र में दुखद निधन हो गया है। सुरेश कार्तिकेय मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सुरेश कार्तिकेय का अंतिम संस्कार आज उनके ग्राम देई में किया जाएगा।

# युवा-संगम मेला का आयोजन 15 को

**मंडला 08 जुलाई नभाप्र।** बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने हेतु युवा-संगम मेला का आयोजन 15 जुलाई को नगरपालिका मण्डला के टाउनहॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला रोजगार कार्यालय मण्डला, आईटीआई मण्डला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मण्डला द्वारा संयुक्त रूप से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों के द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे।

बैठक | छोटे किसानों की आजीविका पर फोकस, कृषि विशेषज्ञों ने साझा की महत्वपूर्ण जानकारी

# जलवायु परिवर्तन और कृषि पर मंथन, स्टेकहोल्डर्स और किसानों की बैठक




**मंडला 08 जुलाई नभाप्र.** जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और छोटे किसानों की आजीविका पर इसके असर को लेकर आज एमपी ट्रिपल एस मंडला में एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर्स और फार्मर्स कंसल्टेशन बैठक का आयोजन कारितास इंडिया और साफबिन परियोजना के अंतर्गत किया गया। बैठक में जिला और ब्लॉक स्तर के कृषि अधिकारी, बागवानी विशेषज्ञ, विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं के संचालक और 10 गांवों से 40 प्रमुख किसान उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों से छोटे किसानों को स्थायी कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और उस पर संवाद स्थापित करना था।

जेडी ट्रिपल एस के संचालक फादर डोमिनिक थॉमस ने किसानों को संबोधित करते हुए जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों और इससे छोटे किसानों के सामने आ रहे आजीविका संकट पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें प्रेरित किया।

बैठक में परियोजना द्वारा संचालित जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए छोटे किसानों के लिए स्थायी कृषि प्रणाली पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मंडला, श्री प्रताप सिंह पतले, ने खरीफ की फसलों के लिए सरकारी योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सीएसओ से सीडीवीडी मंडला के निशार कुरैशी ने किसानों को कृषि आजीविका में मधुमक्खी पालन और शहद प्रसंस्करण के लाभों के बारे में बताया।

इसके साथ ही नवीन सेवा भारती मंडला के चंद्रहास पटेल, ग्राम सेवा ट्रस्ट मंडला के योगेंद्र और सतपुड़ा नर्सरी के संचालक नरेश गोल्हानी ने भी छोटे किसानों के लिए स्थायी कृषि प्रणाली पर जागरूकता फैलाई। किसानों ने कृषि कार्यों में आने वाली बीमारियों और चुनौतियों पर अपने सवाल रखे, जिनका जवाब कृषि विभाग के श्री पतले द्वारा विस्तार से दिया गया।